स्टार पॉइंट वाले पैराग्राफ प्रीललम्स एग्जाम के ललए अति महत्वपूर्ण हैं

# Result Mitra IAS/PCS Daily Magazine Content

## 2025–चुनौतियां और संभावनाएं

❖ **हालिया संदर्भ :**

- वर्तमान में चल रहे 2 युद्ध, भारत के पड़ोस एवं पश्चिम एशिया में शासन परिवर्तन तथा USA में डोनाल्ड ट्रंप की वापसी 2025 को भू–राजनैतिक के दृष्टि से एक अभूतपूर्व वर्ष बन सकता है।
- डोनाल्ड ट्रंप की वापसी सबसे बड़ा X–फैक्टर है, जिसके इर्द-गिर्द अगले 4 वर्षों तक महत्वाकांक्षी स्थितियां देखी जा सकती है।

❖ *** **भारत विशेष :**

- 2025 में भारत QUAD एवं संभावित भारत–यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- इसके अलावा शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए मोदी चीन जा सकते हैं, जबकि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस वर्ष भारत आ सकते हैं।
- मोदी–ट्रंप की दिलचस्प मीटिंग भी साल के अंत में हो सकती है।




❖ **2024 की वास्तविकताएं :**

**1. USA**

- दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण चुनाव ने ट्रंप को पुनः विजयी बना दिया है, जो एक कार्यकाल के गैप के बाद US राष्ट्रपति बने हैं।
- *** सामान्यतः US राष्ट्रपतियों को लगातार दो बार का कार्यकाल प्राप्त होता है, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप 2021 में पद छोड़ने के बाद ज्यादा समझदार एवं आत्मविश्वास से लवरेज होकर दोबारा पद संभाल रहे हैं।

- वर्तमान में चल रहे युद्धों को बंद करवाने एवं USA के व्यापार प्रतिद्वंदियों पर भारी शुल्क लगाने की उनकी घोषणा ने विश्व में अजीब हलचल पैदा कर दी है।

## 2. भारत के पड़ोसी :

### ➢ बांग्लादेश

- लगातार हो रहे विशेष प्रदर्शन के बाद शेख हसीना को निर्वासित होकर भारत में शरण लेना पड़ा।
- *** नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे है।
- अब देश धार्मिक कट्टरपंथ एवं खराब अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है, बांग्लादेशी नेतृत्व भारत से शेख हसीना को भेजने के लिए लगातार दबाव बनाए हुए हैं।

### ➢ श्रीलंका

- नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके वामपंथी विचारधारा से जुड़े हैं एवं उनका संबंध पूर्व में राजनीतिक अभिजात वर्ग से नहीं रहा है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि वह तमिल अल्पसंख्यकों के राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं से कैसे निपटते हैं।

### ➢ मालदीव

- मोहम्मद मुइज्जु के सत्ता संभालने के बाद मालदीव ने भारत को नकारात्मक संदेश दिए लेकिन अक्टूबर 2024 में मुइज्जु की दिल्ली यात्रा से कुछ हद तक सकारात्मकता देखने को मिली है।

### ➢ *** नेपाल

- के.पी. शर्मा ओली ने हाल ही में नेपाल में चौथी बार प्रधानमंत्री का पद संभाला है, जो चीन के बहुत बड़े समर्थक है, लेकिन गठबंधन में शेर बहादुर देउबा के होने से के.पी. शर्मा बहुत कुछ (नकारात्मक) नहीं कर पा रहे हैं।

## ❖ आगामी अनिश्चितताएं :

### ➢ रूस–यूक्रेन युद्ध

- यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने युद्ध के बीच यह संकेत दिया है कि वे पुतिन से बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन बातचीत की शर्तें अस्पष्ट बनी हुई है।
- इस बातचीत में चीन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, वहीं भारत की भूमिका रूस एवं USA के बीच तटस्थता या मध्यस्थता स्थापित करने के रूप में महत्वपूर्ण हो सकती है।

### ➢ चीन के साथ संबंध :

- वार्ता के एक लंबे दौर के बाद भारत–चीन सीमा पर सैनिकों के अग्रिम पंक्ति से पीछे हटने एवं प्रतिरोध दूर करने के प्रयासों में सफलता मिली है।
- इसके अलावा लद्दाख सहित अन्य सीमा विवाद मुद्दों पर गतिरोध समाप्त करने की दिशा में भी दोनों देश लगातार आगे बढ़ रहे हैं।
- वर्तमान में सीमा पर लगभग 50,000–60,000 भारतीय सैनिक तैनात है, जिसकी संख्या में 2025 की गर्मियों से कमी आ सकती है।
- वास्तविकता यह है कि चीन भरोसे के लायक नहीं है, ऐसे में SCO शिखर सम्मेलन में मोदी का चीन दौरा महत्वपूर्ण होगा।

- ब्राजील में होने वाले BRICS सम्मेलन, जो जुलाई में प्रस्तावित है, मोदी एवं शी जिनपिंग की मीटिंग हो सकती है।

## ➢ बांग्लादेश एवं पाकिस्तान :

- बांग्लादेश SAARC को फिर से शुरू करने के लिए प्रयासरत है, लेकिन भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद एवं बातचीत दोनों साथ-साथ नहीं चल सकते हैं।
- पाकिस्तान के साथ संबंध उदासीन मोड में है, जिसका प्रमाण भारत द्वारा पाकिस्तान में होने वाले क्रिकेट चैंपियनशिप में भाग लेने से साफ इनकार करने से स्पष्ट होता है।

## ➢ यूरोप में नए नेता :

- जर्मनी में नए चुनाव होने वाले हैं, जबकि फ्रांस राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है।
- अप्रवासन (Immigration) पर बढ़ते तनाव के बीच यूरोप में रहने एवं काम करने के इच्छुक भारतीयों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।
- UK में वर्तमान लेबर पार्टी की सरकार भारत के साथ व्यापार समझौते पर विचार कर रही है, लेकिन यह मुद्दा आव्रजन नीति को भी प्रभावित कर सकता है।

## ➢ अफ्रीका–मजबूत संबंध :

- नए साल में भारत–अफ्रीका के संबंध मजबूती की ओर बढ़ सकते हैं।
- *** 2015 में आयोजित भारत–अफ्रीका शिखर सम्मेलन में अफ्रीका के 40 राष्ट्राध्यक्षों ने हिस्सा लिया था, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।
- 2025 में G–20 सम्मेलन अफ्रीका में ही आयोजित होगा, जिसमें भाग लेने मोदी जा सकते हैं, जो मित्रवत प्रगाढ़ता को बढ़ाएगा।

## ➢ भारत–कनाडा–USA :

- खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या विवाद ने भारत–कनाडा के संबंध को फर्श पर ला दिया है।
- इस मामले में USA की प्रतिक्रिया कनाडा से अलग जरूर रही है, लेकिन उसके अंतरराष्ट्रीय नायेतर हत्या की साजिश रचने के आरोपों ने नियम–आधारित व्यवस्था के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान लगा दिया है।
- USA में गुरुपतवंत सिंह पन्नू को निशाना बनाने की कथित साजिश से भारतीय वैश्विक कृषि को गहरा धक्का लगा है, विशेषकर उन देशों में, जो चीन के बजाय भारत को सकारात्मक दृष्टि से देखते हैं।
- भारत को इस मामले में सकारात्मक स्पष्टीकरण देते हुए अपने प्रतिष्ठा पुनर्बहाल करने पर ध्यान देना चाहिए।

**MCQ–1 :** सत्य कथन के आधार पर विकल्प का चयन करें–

1. US में डोनाल्ड ट्रंप लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं।
2. नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली परंपरागत रूप से चीन के ज्यादा करीब रहे हैं।
3. 2025 में BRICS एवं SCO शिखर सम्मेलन चीन में आयोजित किए जाएंगे।

a) केवल 1
b) केवल 2
c) केवल 1 एवं 3
d) केवल 2 एवं 3

Ans.–(b)

**Mains–1 :** वर्तमान समय में भारत के समक्ष उपस्थित प्रमुख भू–राजनैतिक चुनौतियों एवं संभावनाओं पर टिप्पणी करें।

Result Mitra


हम आपको रिजल्ट देने आये हैं.
Result Mitra
1- UPSC(IAS) COMPLETE GS -5999 ₹.
2- NCERT for IAS/PCS -2499 ₹
3- ESSAY for IAS/PCS- 2199 ₹
4- UPSC PRELIMS TEST SERIES - 1399 ₹
5- सभी राज्यों के लिए टेस्ट सीरीज - 1399 ₹
कोर्स या Test Series के लिए
WhatssApp कीजिये
9235313184, 9235446806